अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com | उत्तर प्रदेश(लखनऊ एवं आगरा) व उत्तराखण्ड से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र | आर.एन.आई. नं. -यूपीएचआईएन/2011/37605

दैनिक
राष्ट्रीय प्रस्तावना
गाँव से गवर्नेन्स तक

लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद, आजमगढ़, झांसी, एटा, औरैया, अमेठी, बलरामपुर, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर, जौनपुर, उरई, जालौन, फिरोजाबाद, हरदोई, मथुरा, कानपुर, ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर, नोएडा सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 6 अंक : 276 | लखनऊ, गुरुवार, 20 अप्रैल, 2017 | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2.00

पुस्तक का हुआ विमोचन

राष्ट्रीय प्रस्तावना

नई दिल्ली। समाज में सही दिशा देने व उसे सुदृण बनाने में शिक्षकों का बहुत महत्व है, इस दायित्व को आज भी पूरे विश्व में माना जाता है। उच्च शिक्षा में शिक्षकों को आगे ले जाने के लिए आज तक कोई पाठ्यक्रमानुसार किताब का प्रकाशन नहीं हुआ है।

जब तक शिक्षक अपने विकास के लिए शिक्षा के अधिक से अधिक आयाम से नहीं जुड़ेगा, उसकी प्रगति रूक जाती है। उक्त उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, डा0 मनप्रीत मन्ना निदेशक, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (ए0आई0सी0ई0टी0) ने उच्च शिक्षा से जुड़े शिक्षकों में क्या-क्या सुधार लाये जा सकत है और वह अपने को वर्तमान शिक्षण- पद्धति में रचनात्मक सुधार कैसे ला सकते है, एक पुस्तक की रूप रेखा तैयार की तथा भारतवर्ष के विद्वत शिक्षाविदों से इसके 30 अध्याय तैयार कराया। इस रचनात्मक पुस्तक के एक अध्याय- 19 में, डॉ0 भरत राज सिंह जो स्कूल ऑफमैनेजमेण्ट साइन्सेज के महा-निदेशक है, अपना बहुमूल्य योगदान दिया है, जिसका शीर्षक नवप्रवर्तन विचार तथा इण्टरनेट ब्राउजिंग'' है। एक संस्था द्वारा प्रकाशित, उक्त किताब का विमोचन, अध्यक्ष अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, प्रो0 अनिल डी0 , उपाध्यक्षक, प्रो0 एम0पी0पुनिया, सदस्य सचिव, प्रो0 ए0पी0मित्तल, कुलपति जी0एल0ए0 मथुरा, प्रो0 डी0एस0 चौहान तथा अन्य गणमान्य शिक्षाविदों द्वारा किया गया भविष्य में यह पुस्तक शिक्षकों के प्रशिक्षण हेतु बहुमूल्य साबित होगी।